Series **EF1GH/4**

**SET~3**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **67/4/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***नोट / NOTE :***

(i) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 39 हैं ।*
*Please check that this question paper contains **39** printed pages.*

(ii) *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित है —* ***भाग क*** *तथा* ***भाग ख*** *।*

*(iii)* ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iv)* ***भाग ख*** *में दो विकल्प हैं अर्थात् — (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को* ***भाग ख*** *में चयनित विषय के अनुसार केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *तथा* ***27*** *से* ***30*** *तक* ***एक–एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20, 31*** *तथा* ***32*** *तक* ***तीन–तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *तथा* ***33*** *तक* ***चार–चार*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *तथा* ***34*** *तक* ***छः–छः*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि,* ***एक–एक*** *अंक के* ***7*** *प्रश्नों में,* ***तीन–तीन*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में,* ***चार–चार*** *अंकों के* ***1*** *प्रश्न में तथा* ***छः–छः*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग क
## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** सुजाता लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 7% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया । निर्गमन की शर्तों के अनुसार राशि का 40% आवेदन पर तथा शेष आबंटन पर देय था । निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया तथा पूर्ण राशि प्राप्त हो गई । आवेदन तथा आबंटन पर प्राप्त राशि क्रमशः थी : *1*

(a) ₹ 2,50,000 तथा ₹ 3,00,000

(b) ₹ 2,00,000 तथा ₹ 3,00,000

(c) ₹ 2,00,000 तथा ₹ 3,50,000

(d) ₹ 2,00,000 तथा ₹ 2,50,000

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements, and (2) Computerised Accounting. Candidates must attempt only **one** of the given options as per the subject opted in **Part B**.*

*(v)* *Questions no. **1 to 16** and **27** to **30** carry **1** mark each.*

*(vi)* *Questions no. **17** to **20, 31** and **32** carry **3** marks each.*

*(vii)* *Questions no. **21, 22** and **33** carry **4** marks each.*

*(viii)* *Questions no. **23** to **26** and **34** carry **6** marks each.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **7** questions of **one** mark, **2** questions of **three** marks, **1** question of **four** marks and **2** questions of **six** marks.*

## PART A
### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** Sujata Ltd. issued 5,000, 7% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. According to the terms of issue, 40% of the amount was payable on application and the balance on allotment. The issue was fully subscribed and all amounts were duly received. The amounts received on application and allotment respectively were : *1*

(a) ₹ 2,50,000 and ₹ 3,00,000

(b) ₹ 2,00,000 and ₹ 3,00,000

(c) ₹ 2,00,000 and ₹ 3,50,000

(d) ₹ 2,00,000 and ₹ 2,50,000

**2.** (i) रिया तथा सुरभी एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2022 से वे लाभों को बराबर-बराबर बाँटने के लिए सहमत हुए । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया । समायोजन निम्नलिखित में से किस लेनदेन द्वारा किया जाएगा ? *1*

(a) सुरभी के नाम पक्ष में ₹ 30,000 तथा रिया के जमा पक्ष में ₹ 30,000 की खतौनी ।

(b) रिया के नाम पक्ष में ₹ 30,000 तथा सुरभी के जमा पक्ष में ₹ 30,000 की खतौनी ।

(c) सुरभी के नाम पक्ष में ₹ 3,000 तथा रिया के जमा पक्ष में ₹ 3,000 की खतौनी ।

(d) रिया के नाम पक्ष में ₹ 3,000 तथा सुरभी के जमा पक्ष में ₹ 3,000 की खतौनी ।

**अथवा**

(ii) नमन, सुमन तथा मोहित एक फर्म में साझेदार थे तथा 8 : 5 : 3 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने यह निर्णय लिया कि भविष्य में वे लाभों का विभाजन 5 : 6 : 5 के अनुपात में करेंगे । निम्नलिखित में से लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण साझेदारों के अधिलाभ व त्याग की पहचान कीजिए : *1*

(a) नमन का अधिलाभ $\frac{3}{16}$, सुमन का त्याग $\frac{1}{16}$, मोहित का त्याग $\frac{2}{16}$

(b) नमन का त्याग $\frac{3}{16}$, सुमन का अधिलाभ $\frac{1}{16}$, मोहित का अधिलाभ $\frac{2}{16}$

(c) नमन का त्याग $\frac{3}{16}$, सुमन का अधिलाभ $\frac{2}{16}$, मोहित का अधिलाभ $\frac{1}{16}$

(d) नमन का लाभ $\frac{3}{16}$, सुमन का त्याग $\frac{2}{16}$, मोहित का त्याग $\frac{1}{16}$

**3.** अयाचित (माँगी नहीं गई) अंश पूँजी का वह भाग जिसकी याचना केवल कंपनी के विघटन के समय ही की जा सकती है, कहलाती है : *1*

(a) निर्गमित पूँजी

(b) प्रदत्त पूँजी

(c) संचित पूँजी

(d) अनिर्गमित पूँजी

**2.** (i) Ria and Surbhi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. With effect from 1st April, 2022, they agreed to share profits equally. The goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000. The adjustment will be done by which of the following transaction ? *1*

(a) Debiting Surbhi's account by ₹ 30,000 and crediting Ria's account by ₹ 30,000.

(b) Debiting Ria's account by ₹ 30,000 and crediting Surbhi's account by ₹ 30,000.

(c) Debiting Surbhi's account by ₹ 3,000 and crediting Ria's account by ₹ 3,000.

(d) Debiting Ria's account by ₹ 3,000 and crediting Surbhi's account by ₹ 3,000.

**OR**

(ii) Naman, Suman and Mohit were partners in a firm sharing profits in the ratio 8 : 5 : 3. With effect from 1st April, 2022, they decided that in future, they will share the profits in the ratio 5 : 6 : 5. Identify the gain or sacrifice by the partners due to change in profit sharing ratio, from the following : *1*

(a) Naman's gain $\frac{3}{16}$, Suman's sacrifice $\frac{1}{16}$, Mohit's sacrifice $\frac{2}{16}$

(b) Naman's sacrifice $\frac{3}{16}$, Suman's gain $\frac{1}{16}$, Mohit's gain $\frac{2}{16}$

(c) Naman's sacrifice $\frac{3}{16}$, Suman's gain $\frac{2}{16}$, Mohit's gain $\frac{1}{16}$

(d) Naman's gain $\frac{3}{16}$, Suman's sacrifice $\frac{2}{16}$, Mohit's sacrifice $\frac{1}{16}$

**3.** Part of the uncalled share capital that can be called up only at the time of winding up of the company is called : *1*

(a) Issued capital

(b) Paid-up capital

(c) Reserve capital

(d) Un-issued capital

**4.** एक फर्म के विघटन पर स्थिति विवरण में दर्शाया गया फर्नीचर ₹ 2,00,000 था । फर्नीचर का 50% एक साझेदार ने ₹ 65,000 में ले लिया तथा शेष 50% को पुस्तक मूल्य से 20% कम पर बेचा गया । बैंक खाते के नाम पक्ष में खतौनी की गई राशि थी : *1*

(a) ₹ 1,45,000 (b) ₹ 80,000

(c) ₹ 65,000 (d) ₹ 1,85,000

**5.** छवि लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 5,000 समता अंश, जिन्हें ₹ 5 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 4 प्रति अंश की प्रथम एवं अंतिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । हरण पर 'अंश हरण खाते' के जमा पक्ष में खतौनी की गई राशि होगी : *1*

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 30,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 55,000

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **6** तथा **7** के उत्तर दीजिए :*

केशव, कृष्णा तथा मुरारी साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 12,00,000, ₹ 10,00,000 तथा ₹ 8,00,000 थीं । यह सहमति हुई कि पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक दर से दिया जाएगा । साझेदार निम्न प्रकार से वेतन के हकदार होंगे :

केशव ₹ 5,000 प्रति माह तथा कृष्णा ₹ 3,000 प्रति तिमाही ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 6,72,000 था ।

**6.** साझेदारों के चालू खातों के जमा पक्ष में 'पूँजी पर ब्याज' तथा 'वेतन' के लिए खतौनी की जाने वाली राशि थी : *1*

(a) केशव ₹ 1,20,000, कृष्णा ₹ 1,00,000 और मुरारी ₹ 80,000

(b) केशव ₹ 1,80,000, कृष्णा ₹ 1,12,000 और मुरारी ₹ 80,000

(c) केशव ₹ 60,000, कृष्णा ₹ 12,000 और मुरारी ₹ शून्य

(d) केशव ₹ 3,30,000, कृष्णा ₹ 2,12,000 और मुरारी ₹ 1,30,000

**7.** साझेदारों के चालू खातों में हस्तान्तरित की जाने वाली लाभ की राशि थी : *1*

(a) केशव ₹ 1,00,000, कृष्णा ₹ 1,50,000 तथा मुरारी ₹ 50,000

(b) केशव ₹ 50,000, कृष्णा ₹ 1,50,000 तथा मुरारी ₹ 1,00,000

(c) केशव ₹ 1,50,000, कृष्णा ₹ 1,00,000 तथा मुरारी ₹ 50,000

(d) केशव ₹ 1,51,500, कृष्णा ₹ 1,01,000 तथा मुरारी ₹ 50,500

**4.** On dissolution of a partnership firm, furniture appearing in the Balance Sheet was ₹ 2,00,000. 50% of the furniture was taken over by a partner at ₹ 65,000 and balance 50% was sold at 20% less than the book value. The amount debited to bank account was : *1*

(a) ₹ 1,45,000 (b) ₹ 80,000

(c) ₹ 65,000 (d) ₹ 1,85,000

**5.** Chavi Ltd. forfeited 5,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 5 per share for non-payment of first and final call of ₹ 4 per share. On forfeiture, 'Share Forfeiture Account' will be credited by : *1*

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 30,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 55,000

*Read the following hypothetical situation and answer questions number **6** and **7** on the basis of the given information :*

Keshav, Krishna and Murari were in partnership sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Their fixed capitals were : ₹ 12,00,000, ₹ 10,00,000 and ₹ 8,00,000 respectively. It was agreed that interest on capital will be allowed at 10% per annum. Partners were entitled to salaries as follows :

Keshav ₹ 5,000 per month and Krishna ₹ 3,000 per quarter.

Profit of the firm for the year ended 31st March, 2022 was ₹ 6,72,000.

**6.** Amount credited to the Partners' Current Accounts on account of 'interest on capital' and 'salary' was : *1*

(a) Keshav ₹ 1,20,000, Krishna ₹ 1,00,000 and Murari ₹ 80,000

(b) Keshav ₹ 1,80,000, Krishna ₹ 1,12,000 and Murari ₹ 80,000

(c) Keshav ₹ 60,000, Krishna ₹ 12,000 and Murari ₹ Nil

(d) Keshav ₹ 3,30,000, Krishna ₹ 2,12,000 and Murari ₹ 1,30,000

**7.** Amount of profit transferred to Partners' Current Accounts was : *1*

(a) Keshav ₹ 1,00,000, Krishna ₹ 1,50,000 and Murari ₹ 50,000

(b) Keshav ₹ 50,000, Krishna ₹ 1,50,000 and Murari ₹ 1,00,000

(c) Keshav ₹ 1,50,000, Krishna ₹ 1,00,000 and Murari ₹ 50,000

(d) Keshav ₹ 1,51,500, Krishna ₹ 1,01,000 and Murari ₹ 50,500

**8.** (i) अनु, मोनू तथा सोनू एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 1 जनवरी, 2022 को मोनू का निधन हो गया । अनु तथा सोनू, मोनू के भाग का अधिग्रहण निम्न अनुपात में करेंगे : *1*

(a) 1 : 1 (b) 3 : 2

(c) 5 : 3 (d) 5 : 2

**अथवा**

(ii) विदित, सुमित तथा मीता एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । मीता का निधन हो गया तथा उसका सारा भाग विदित ने ले लिया । विदित तथा सुमित का नया लाभ-विभाजन अनुपात होगा : *1*

(a) 1 : 1 (b) 5 : 3

(c) 3 : 5 (d) 5 : 2

**9.** विजय तथा अजय एक फर्म के साझेदार हैं । साझेदारी संलेख के अनुसार आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा । आहरण पर ब्याज को लाभ-हानि विनियोजन खाते में हस्तान्तरित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी ? *1*

(a) आहरण पर ब्याज खाता

(b) बैंक खाता

(c) साझेदारों के चालू खाते

(d) साझेदारों के पूँजी खाते

**10.** (i) मनमोहन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :
आवेदन पर ₹ 3; आबंटन पर ₹ 4 तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर ₹ 3 ।
1,45,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 20,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया । अग्रिम याचना खाते के जमा पक्ष में की गई खतौनी की राशि थी : *1*

(a) ₹ 2,25,000 (b) ₹ 25,000

(c) ₹ 1,75,000 (d) शून्य

**अथवा**

**8.** (i) Anu, Monu and Sonu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Monu died on 1st January, 2022. Anu and Sonu will acquire Monu's share in the ratio of : *1*

(a) 1 : 1 (b) 3 : 2

(c) 5 : 3 (d) 5 : 2

**OR**

(ii) Vidit, Sumit and Mita were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 1. Mita died and her entire share was taken up by Vidit. The new profit sharing ratio of Vidit and Sumit will be : *1*

(a) 1 : 1 (b) 5 : 3

(c) 3 : 5 (d) 5 : 2

**9.** Vijay and Ajay are partners in a firm. The partnership agreement provides for interest on drawings @ 12% per annum. Which of the following account will be debited to transfer interest on drawings to Profit and Loss Appropriation A/c ? *1*

(a) Interest on Drawings Account

(b) Bank Account

(c) Partners' Current Account

(d) Partners' Capital Account

**10.** (i) Manmohan Ltd. invited applications for issuing 50,000 equity shares of ₹ 10 each at par. The amount payable per share was as follows :

On application ₹ 3; on allotment ₹ 4 and on first and final call ₹ 3.

Applications were received for 1,45,000 equity shares. Applications for 20,000 equity shares were rejected and remaining applicants were allotted shares on a pro-rata basis. Excess application money received with application was adjusted towards sums due on allotment and first and final call. Amount credited to calls-in-advance account was : *1*

(a) ₹ 2,25,000 (b) ₹ 25,000

(c) ₹ 1,75,000 (d) Nil

**OR**

(ii) अभिदत्त पूँजी के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(a) यह अंश पूँजी की वह राशि है जिसे संस्था के बहिर्नियमों के अनुसार एक कम्पनी निर्गमन के लिए अधिकृत है ।

(b) यह अधिकृत पूँजी का वह भाग है जिसे अभिदान के लिए जनता को वास्तविक रूप से निर्गमित किया गया है ।

(c) यह निर्गमित पूँजी का वह भाग है जिसे जनता ने वास्तव में अभिदत्त किया है ।

(d) यह याचित (माँगी गई) पूँजी का वह भाग है जिसे अंशधारकों से वास्तविक रूप से प्राप्त किया गया है ।

**11.** (i) अनुराधा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,00,000, 7% ऋणपत्रों को 5% बट्टे पर निर्गमित किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर करना है । ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे तथा शोधन पर प्रीमियम का लेखा 'ऋणपत्र निर्गमन हानि खातों' के माध्यम से किया गया । ऋणपत्रों के निर्गमन पर 'ऋणपत्र निर्गमन हानि खाते' में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 10,00,000 से जमा पक्ष में

(b) ₹ 10,00,000 से नाम पक्ष में

(c) ₹ 20,00,000 से नाम पक्ष में

(d) ₹ 20,00,000 से जमा पक्ष में

**अथवा**

(ii) दीक्षा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 9% ऋणपत्रों को 10% छूट पर निर्गमित किया जिनका शोधन प्रीमियम पर किया जाना था । 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे' और 'ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम' का लेखा 'ऋणपत्र निर्गमन हानि खाते' के माध्यम से किया गया । यदि 'ऋणपत्र निर्गमन हानि खाते' में ₹ 60,000 थे, तो ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम की राशि थी : *1*

(a) ₹ 60,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 20,000 (d) ₹ 80,000

**12.** रमेश, सुरेश तथा नरेश की फर्म के विघटन पर नरेश सभी वसूली व्यय वहन करने के लिए सहमत हुआ जिसके लिए उसे ₹ 14,500 का भुगतान किया गया । वसूली के वास्तविक व्ययों ₹ 11,000 का भुगतान नरेश द्वारा किया गया ।

नरेश के पूँजी खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि होगी : *1*

(a) ₹ 11,000 (b) ₹ 3,500

(c) ₹ 14,500 (d) ₹ 25,500

(ii) Which of the following statement is correct regarding subscribed capital ? *1*

(a) It is the amount of share capital which a company is authorised to issue by its Memorandum of Association.

(b) It is that part of authorised capital which is actually issued to the public for subscription.

(c) It is that part of the issued capital which has been actually subscribed by the public.

(d) It is that part of the called-up capital which has been actually received from shareholders.

**11.** (i) Anuradha Ltd. issued 2,00,000, 7% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% redeemable at a premium of 5%. Discount on issue and premium on redemption were accounted for through 'Loss on Issue of Debentures Account.' On issue of debentures, 'Loss on Issue of Debentures Account' will be : *1*

(a) Credited by ₹ 10,00,000

(b) Debited by ₹ 10,00,000

(c) Debited by ₹ 20,00,000

(d) Credited by ₹ 20,00,000

**OR**

(ii) Diksha Ltd. issued 4,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium. 'Discount on Issue of Debentures' and 'Premium on Redemption of Debentures' were accounted for through 'Loss on Issue of Debentures Account'. If the amount of 'Loss on Issue of Debentures Account' was ₹ 60,000, then the amount of premium on redemption was : *1*

(a) ₹ 60,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 20,000 (d) ₹ 80,000

**12.** On dissolution of the firm of Ramesh, Suresh and Naresh, Naresh had agreed to bear all realisation expenses for which he was paid ₹ 14,500. Actual expenses on realisation amounted to ₹ 11,000 which were paid by Naresh. The amount to be credited to Naresh's capital account will be : *1*

(a) ₹ 11,000 (b) ₹ 3,500

(c) ₹ 14,500 (d) ₹ 25,500

**13.** (i) अमित, एक साझेदार ने 1 अक्टूबर, 2020 को ₹ 1,20,000 का ऋण फर्म को दिया । साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में 31 मार्च, 2021 को ऋण पर देय ब्याज की राशि होगी : *1*

(a) ₹ 3,600 (b) ₹ 7,200

(c) ₹ 12,000 (d) ₹ 6,000

**अथवा**

(ii) विजय, अजय तथा संजय एक फर्म के साझेदार हैं तथा लाभ-हानि 7 : 5 : 8 के अनुपात में बाँटते हैं । 28 अगस्त, 2021 को संजय की मृत्यु हो गई । मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना ₹ 75,000 की गई । इसकी खतौनी निम्नलिखित में से कौन-से खाते के नाम पक्ष में खतौनी करके की जाएगी ? *1*

(a) लाभ-हानि उचंत खाता

(b) लाभ-हानि खाता

(c) लाभ-हानि विनियोजन खाता

(d) लाभ-हानि समायोजन खाता

**14.** अभिकथन *(A)* : फर्म के पुनर्गठन पर एक देयता के मूल्य में बढ़ोतरी की खतौनी पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम पक्ष में की जाती है ।

कारण *(R)* : देयताओं के मूल्य में वृद्धि हानि होती है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(a) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(b) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

(c) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(d) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

**13.** (i) On 1$^{st}$ October 2020, Amit, a partner, advanced a loan of ₹ 1,20,000 to the firm. In the absence of partnership deed, the amount of interest on loan to be paid on 31$^{st}$ March, 2021 will be : *1*

(a) ₹ 3,600 (b) ₹ 7,200

(c) ₹ 12,000 (d) ₹ 6,000

**OR**

(ii) Vijay, Ajay and Sanjay are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 5 : 8. Sanjay died on 28$^{th}$ August, 2021. His share in the profits of the firm till the date of his death was determined at ₹ 75,000. It will be debited to which of the following accounts ? *1*

(a) Profit and Loss Suspense Account

(b) Profit and Loss Account

(c) Profit and Loss Appropriation Account

(d) Profit and Loss Adjustment Account

**14.** *Assertion (A) :* Increase in the value of liabilities on reconstitution of a firm is debited to Revaluation Account.

*Reason (R) :* Increase in the value of liabilities is a loss. *1*

Select the correct alternative from the following :

(a) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is wrong.

(b) Assertion (A) is wrong, but Reason (R) is correct.

(c) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are wrong.

**15.** एक फर्म की ख्याति की गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर की गई । 31 मार्च को समाप्त हुए पिछले चार वर्षों के लाभ थे :

| वर्ष | लाभ/हानि (₹) |
|---|---|
| 2018 – 19 | (14,500) |
| 2019 – 20 | 15,400 |
| 2020 – 21 | 32,900 |
| 2021 – 22 | 16,800 |

फर्म की ख्याति का मूल्य होगा : *1*

(a) ₹ 8,885

(b) ₹ 37,950

(c) ₹ 58,950

(d) ₹ 20,690

**16.** नीवा, नमन तथा नित्यम साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म के पुनर्गठन पर नीवा तथा नमन प्रत्येक अपने भाग में से $\frac{1}{9}$ भाग नित्यम को देते हैं । नीवा, नमन तथा नित्यम का नया लाभ-विभाजन अनुपात होगा : *1*

(a) 3 : 4 : 2

(b) 2 : 3 : 4

(c) 4 : 2 : 3

(d) 3 : 2 : 4

**17.** महेश तथा सुरेश एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उन्होंने नीता को लाभों में $\frac{1}{4}$वें भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया । नीता अपनी पूँजी के लिए ₹ 2,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के लिए आवश्यक राशि नगद लाई । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 12,00,000 किया गया । साझेदारों का नया लाभ-विभाजन अनुपात 2 : 1 : 1 था । महेश तथा सुरेश ने अपने भाग की ख्याति का आहरण कर लिया । फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**15.** The goodwill of a firm was valued on the basis of 3 years purchase of average profits for the last four years. The profits of last four years ending 31st March were as follows :

| Year | Profit/Loss (₹) |
|---|---|
| 2018 – 19 | (14,500) |
| 2019 – 20 | 15,400 |
| 2020 – 21 | 32,900 |
| 2021 – 22 | 16,800 |

The value of goodwill of the firm was : *1*

(a) ₹ 8,885

(b) ₹ 37,950

(c) ₹ 58,950

(d) ₹ 20,690

**16.** Niva, Naman and Nityam were partners sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 2. Niva and Naman each give $\frac{1}{9}$ from their share to Nityam on reconstitution of the firm. The new profit sharing ratio among Niva, Naman and Nityam will be : *1*

(a) 3 : 4 : 2

(b) 2 : 3 : 4

(c) 4 : 2 : 3

(d) 3 : 2 : 4

**17.** Mahesh and Suresh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. They decided to admit Nita into partnership with $\frac{1}{4}$th share in the profits. Nita brought ₹ 2,00,000 for her capital and the requisite amount of goodwill premium in cash. The goodwill of the firm is valued at ₹ 12,00,000. The new profit sharing ratio of the partners is 2 : 1 : 1. Mahesh and Suresh withdraw their share of goodwill.

Pass necessary journal entries in the books of the firm for the above transactions. *3*

**18.** (क) 1 अप्रैल, 2021 को हितेष लिमिटेड ने प्रांजल लिमिटेड की ₹ 8,00,000 की परिसंपत्तियाँ तथा ₹ 40,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 8,30,000 के क्रय मूल्य पर किया । हितेष लिमिटेड ने प्रांजल लिमिटेड को भुगतान निम्न प्रकार से किया :

(i) ₹ 2,00,000 की एक स्वीकृति देकर जो तीन माह पश्चात् देय थी, तथा

(ii) प्रांजल लिमिटेड को शेष क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों का हितेष लिमिटेड की पुस्तकों में लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) दिशा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500 अंशों को जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था तथा जिन पर ₹ 90 प्रति अंश माँगे गए थे, ₹ 30 प्रति अंश आबंटन (प्रीमियम सहित) तथा ₹ 20 प्रति अंश प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इनमें से 300 अंशों को ₹ 80 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

अंशों के हरण तथा पुन:निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**19.** (क) मोनिका, भूमिका तथा कमोलिका साझेदार हैं तथा 6 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटती हैं । कमोलिका को लाभों में अपने भाग के लिए ₹ 3,00,000 की न्यूनतम राशि की गारंटी दी गई है । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म को ₹ 22,00,000 का शुद्ध लाभ हुआ ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

**18.** (a) On 1st April, 2021, Hitesh Ltd. took over assets of ₹ 8,00,000 and liabilities of ₹ 40,000 of Pranjal Ltd. at an agreed value of ₹ 8,30,000. Hitesh Ltd. paid the amount to Pranjal Ltd. as follows :

(i) Gave an acceptance payable after 3 months for ₹ 2,00,000, and

(ii) Issued 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% to Pranjal Ltd. in satisfaction of the balance amount of purchase consideration.

Pass the necessary journal entries to record the above transaction in the books of Hitesh Ltd. *3*

**OR**

(b) Disha Ltd. forfeited 500 shares of ₹ 100 each issued at 10% premium, ₹ 90 called up, on which the shareholders did not pay ₹ 30 per share on allotment (including premium) and first call of ₹ 20 per share. Out of these, 300 shares were reissued for ₹ 80 per share, fully paid up.

Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of shares. *3*

**19.** (a) Monika, Bhoomika and Kamolika are partners sharing profits in the ratio of 6 : 4 : 1. Kamolika is guaranteed a minimum amount of ₹ 3,00,000 as her share in profits. The firm earned a net profit of ₹ 22,00,000 for the year ended 31st March 2022.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31st March, 2022. *3*

**OR**

(ख) अनन्या, भावी तथा चाँदनी एक फर्म में साझेदार थीं तथा उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 3,00,000, ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थीं ।

साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार :

(i) अनन्या तथा चाँदनी प्रत्येक ₹ 1,500 मासिक वेतन की हकदार थीं ।

(ii) भावी ₹ 4,000 वार्षिक वेतन की हकदार थी ।

उपर्युक्त समायोजनों को किए बिना 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लाभ ₹ 80,000 को साझेदारों के बीच उनके लाभ-विभाजन अनुपात 3 : 3 : 2 में बाँट दिया गया ।

उपर्युक्त चूक का सुधार करने के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । अपनी कार्य टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । *3*

**20.** अदिति, बॉबी तथा कृष एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000, ₹ 4,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था :

(क) 10% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज ।

(ख) 6% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज ।

(ग) फर्म को साझेदार द्वारा दिए गए ऋण पर 9% वार्षिक दर से ब्याज ।

वर्ष के दौरान अदिति ने ₹ 60,000 तथा बॉबी ने ₹ 50,000 का आहरण किया । 1 सितम्बर, 2021 को कृष ने फर्म को ₹ 40,000 का ऋण दिया ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित लेनदेनों की फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) बॉबी की पूँजी पर ब्याज प्रदान करने के लिए ।

(ii) अदिति के आहरण पर ब्याज प्रभारित करने के लिए ।

(iii) कृष द्वारा फर्म को दिए गए ऋण पर ब्याज प्रदान करने के लिए ।

साथ ही लाभ एवं हानि खाते/लाभ एवं हानि विनियोजन खाते में, जैसी भी स्थिति हो, हस्तान्तरण प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

(b) Ananya, Bhavi and Chandni were partners in a firm with capitals of ₹ 3,00,000, ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively.

According to the provisions of the partnership deed :

(i) Ananya and Chandni were each entitled to a monthly salary of ₹ 1,500.

(ii) Bhavi was entitled to a salary of ₹ 4,000 per annum.

The profit for the year ended 31$^{st}$ March, 2022, ₹ 80,000 was divided between the partners in their profit sharing ratio of 3 : 3 : 2 without providing for the above adjustments.

Pass the necessary adjustment entry to rectify the above omissions in the books of the firm. Show your working notes clearly. *3*

**20.** Aditi, Bobby and Krish were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Their capitals were ₹ 5,00,000, ₹ 4,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The partnership deed provided for the following :

(a) Interest on capital @ 10% per annum.

(b) Interest on drawings @ 6% per annum.

(c) Interest on partner's loan to the firm @ 9% per annum.

During the year, Aditi had withdrawn ₹ 60,000 and Bobby ₹ 50,000. On 1$^{st}$ September, 2021, Krish had given a loan of ₹ 40,000 to the firm.

Pass necessary journal entries in the books of the firm for the following transactions for the year ended 31$^{st}$ March, 2022 :

(i) Allowing interest on Bobby's capital.

(ii) Charging interest on Aditi's drawings.

(iii) Providing interest on Krish's loan to the firm.

Also pass transfer entries in the Profit and Loss Account/Profit and Loss Appropriation Account, as the case may be. *3*

**21.** प्रकाश, आकाश तथा विकास एक व्यवसाय के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों को बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2022 को प्रकाश, आकाश तथा विकास का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 2,00,000 | बैंक | 40,000 |
| सामान्य संचय | | 1,00,000 | स्टॉक | 60,000 |
| पूँजी : | | | देनदार | 1,60,000 |
| प्रकाश | 1,20,000 | | निवेश | 1,40,000 |
| आकाश | 2,00,000 | | फर्नीचर | 70,000 |
| विकास | 80,000 | 4,00,000 | भवन | 2,30,000 |
| | | 7,00,000 | | 7,00,000 |

30 सितम्बर, 2022 को विकास की मृत्यु हो गई । एक साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) मृत्यु की तिथि तक मृतक साझेदार को लाभ में उसका भाग जिसकी गणना, पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी ।

(ii) फर्म की ख्याति में उसका भाग जिसकी गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर की जाएगी ।

31 मार्च को समाप्त पिछले चार वर्षों के लाभ निम्न प्रकार थे :

2018 – 19, ₹ 1,60,000; 2019 – 20, ₹ 1,00,000; 2020 – 21, ₹ 80,000 तथा 2021 – 22, ₹ 60,000.

(iii) मृत्यु की तिथि तक मृतक साझेदार का आहरण ₹ 20,000 था ।

(iv) पूँजी पर ब्याज 12% वार्षिक दर से दिया जाएगा ।

विकास के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए विकास का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

